# तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत माता की जय के नारे

## कलेक्ट्रेट से गांधी पार्क पर तक निकाली गई तिरंगा यात्रा, बच्चों संग अधिकारी हुए शामिल

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य एवं उत्साहपूर्ण तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर गांधी पार्क तक पहुंची इस यात्रा के माध्यम से जिलेवासियों को राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का संदेश दिया गया।




तिरंगा यात्रा में कलेक्टर साकेत मालवीय, एसडीएम इसरार खान, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरुण रघुवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा थामे अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भारत माता के जयघोष के साथ कदम से कदम मिलाते हुए पैदल मार्च किया। देशभक्ति के तरानों और भारत माता की जय के नारों से पूरा शहर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। रैली कलेक्ट्रेट से मुख्य मार्गों से होती हुई गांधी पार्क पहुंची, जहाँ राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के ससम्मान गायन के साथ तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर अधिकारियों ने सभी नागरिकों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने और स्वतंत्रता दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाने का आह्वान किया।

# बच्चों ने दिया राष्ट्रप्रेम और स्वच्छता का संदेश

**उत्कृष्ट विद्यालय में तिरंगा रैली आयोजित**

**स्वच्छता अभियान के तहत की सफाई**

**नवभारत न्यूज़**

**अशोकनगर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में गुरुवार को प्राचार्य बी.के. बमोरिया एवं मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी श्रेया कंदोला की विशेष उपस्थिति में भव्य तिरंगा रैली तथा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षकों, स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा थामकर पूरे उत्साह के साथ रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने नगरवासियों को देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रैली के पश्चात विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने श्रमदान कर सफाई की। प्राचार्य बी.के. बमोरिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक स्वच्छ वातावरण और आदर्श समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी छात्रों से स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवन शैली में अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी श्रेया कंदोला और विद्यालय परिवार ने एकजुट होकर राष्ट्रप्रेम और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।




## एक नजर में




### कॉलेज में छात्रों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इको क्लब के तत्वावधान में हिंदी विभाग द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर आयोजित इस विशेष गतिविधि में हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. योग्यता भार्गव, हिमांशी गंगवार, डॉ. रेखा शर्मा एवं रीना अहिरवार के संरक्षण तथा मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के लगभग 25 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को पौधों के नियमित संवर्धन और उनकी देखरेख की जिम्मेदारी भी सौंपी। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को वृक्षों के पर्यावरणीय, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता प्रकट की, बल्कि मातृभाव के प्रति अपना सम्मान भी अभिव्यक्त किया।



### शिव प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य शुभारंभ, निकली कलश यात्रा

**अशोकनगर।** समीपस्थ ग्राम थूबोन स्थित परागढ़ के नवनिर्मित शिव मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर गुरुवार को भव्य एवं भक्तिमय कलश यात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे की मधुर धुनों के बीच निकले इस जुलूस में पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा ।इस दौरान पीले वस्त्र धारण किए सैकड़ों महिलाओं और कन्याओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा में सहभागिता की। भक्ति संगीत और मंगल गीतों के साथ शुरू हुई यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई नवनिर्मित मंदिर परिसर पहुंची, जहाँ स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य आचार्य पिपरई से पधारे पंडित दिनेशचन्द्र आचार्य एवं थूबोन के पंडित भोलाराम महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में पवित्र जल भरवाकर उन्हें मंदिर प्रांगण में स्थापित कराया। मुख्य आयोजक रवि जैन मुनीम साहब ने बताया कि इस छह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिन कलश यात्रा एवं पंचांग पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए हैं।

# मुख्य समारोह में 13 प्लाटूनों देंगी सलामी

## मोहरी राय स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** 15 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के तहत गुरुवार को ग्राम मोहरी राय स्टेडियम में फाइनल रिहर्सल परेड का भव्य आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में आयोजित इस रिहर्सल का निरीक्षण कलेक्टर साकेत मालवीय एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया।



इस दौरान परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक आरआई अविनाश कुमार उमरैया के नेतृत्व में मुख्य अतिथियों को सलामी दी गई। निरीक्षण के पश्चात परंपरा अनुसार हर्ष फायर की कार्यवाही संपन्न हुई और सभी टुकड़ियों द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया गया। इस फाइनल रिहर्सल में पुलिस पुरुष व महिला, एसएएफ 26वीं वाहिनी, होमगार्ड, वन विभाग, एनसीसी, स्काउट-गाइड, शौर्य दल और विभिन्न स्कूली बच्चों सहित कुल 13 प्लाटूनों ने भाग लिया। समारोह में देशभक्ति की धुनों के साथ बैंड दल ने पूरे माहौल को गुंजायमान कर दिया। 15 अगस्त के मुख्य समारोह में परेड कमांडर की मुख्य जिम्मेदारी आरआई अविनाश कुमार उमरैया और परेड टूआईसी की जिम्मेदारी सूबेदार आइना साहिबा निभाएंगी। इसके अलावा उप निरीक्षक आपेक्षित रघुवंशी जिला बल पुरुष, उप निरीक्षक सोनम यादव महिला बल, उप निरीक्षक सुमनलाल मरावी एसएएफ और उप निरीक्षक आशीष ऋषिश्वर होमगार्ड अपनी-अपनी टुकड़ियों का नेतृत्व करेंगे। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त कर तैयारियों की सराहना की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान सहित भारी पुलिस बल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# हमारा शिक्षक ऐप की तकनीकि खामियों से परेशान है शिक्षक

**त्यौहार पर वेतन कटौती से ह आक्रोश**

**ऐप के विरोध में जिलाध्यक्ष ने दिया बयान**

**नवभारत न्यूज़**

**अशोकनगर।** जिले में शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए संचालित हमारा शिक्षक ऐप सुविधा की जगह शिक्षकों के लिए मानसिक और आर्थिक परेशानी का कारण बन गया है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा ऐप में बिना पूर्व सूचना के इन-आउट समय में लगातार किए जा रहे बदलावों और तकनीकी असफलताओं के कारण शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

शिक्षकों का कहना है कि वे रोजाना समय पर विद्यालय पहुंचकर ड्यूटी निभा रहे हैं, लेकिन शाम को लॉगआउट करते समय ऐप फेल हो जाता है। गुरुवार को भी कई शिक्षक समय पर मौजूद रहने के बावजूद लॉगआउट दर्ज नहीं कर सके, जिसके चलते उन्हें मजबूरन लोकेशन के साथ फोटो भेजने पड़े। ऐप की इस तकनीकी गड़बड़ी का खामियाजा शिक्षकों को जुलाई माह से वेतन कटौती के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी ने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद प्राचार्य के प्रमाणीकरण और भौतिक रजिस्टर को नजरअंदाज कर वेतन काटा जा रहा है। उन्होंने कहा, तकनीक सुविधा और पारदर्शिता के लिए होनी चाहिए, शिक्षकों को सजा देने के लिए नहीं। संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्योहार के पूर्व ऐप की तकनीकी त्रुटियों से हुई वेतन कटौती को तुरंत निरस्त किया जाए। साथ ही, विद्यालय रजिस्टर एवं प्राचार्य के प्रमाण पत्र के आधार पर सभी प्रभावित शिक्षकों को पूर्ण वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# नेहरू कॉलेज में पर्यावरण सरंक्षण की अनूठी पहल

**नवभारत न्यूज़**

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को इको क्लब द्वारा मल्टी लेयर प्लास्टिक संग्रहण एवं डोनेशन की सराहनीय पहल की गई। महाविद्यालय में यह अभियान विगत एक वर्ष से प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश के नेतृत्व एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. दीक्षा भट्ट के मार्गदर्शन में निरंतर संचालित किया जा रहा है।

महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि दैनिक उपयोग के खाद्य पदार्थों व अन्य सामानों के पैकेट और रैपर (मल्टी लेयर प्लास्टिक) गैर-जैव अपघटनीय (नॉन-बायोडिग्रेडेबल) कचरा होते हैं। सामान्य कचरे में फेंके जाने पर यह प्लास्टिक लंबे समय तक नष्ट नहीं होता, जिससे मिट्टी और पर्यावरण का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। इसी समस्या के समाधान और जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इको क्लब द्वारा इस प्लास्टिक को एकत्रित किया जा रहा है। महाविद्यालय द्वारा एकत्रित इस प्लास्टिक कचरे को पुणे स्थित %इकोकारी% नामक अपसाइक्लिंग संस्थान को भेजा जाता है। %इकोकारी% इस अनुपयोगी प्लास्टिक को पुनर्चक्रित (रिसाइकिल) कर विभिन्न आकर्षक फैशन उत्पादों, हैंडबैग और उपयोगी एक्सेसरीज में परिवर्तित करता है। इस पहल से प्लास्टिक कचरे को खुले में जलने या लैंडफिल में जाने से रोककर पर्यावरण को सुरक्षित किया जा रहा है ।इस पर्यावरण-हितैषी अभियान को सफल बनाने में इको क्लब के सक्रिय सदस्य मोनिका नामदेव, संगीता अहिरवार, प्रवीण कौशिक, अरविंद कौशिक, लैब तकनीशियन बृजेन्द्र सैनी एवं देवेंद्र जाटव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# विधायक बृजेंद्र ने स्वास्थ्य केंद्र और विद्यालय का लिया जायजा

**बहादुरपुर और अथाईखेड़ा में निकली तिरंगा यात्रा**

**विधायक ने उत्कृष्ट विद्यार्थीयों को किया सम्मानित**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को बहादुरपुर और अथाईखेड़ा में राष्ट्रभक्ति से सराबोर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। देशभक्ति के तरानों और जयघोष के साथ मुख्य बाजारों से गुजरती हुई यात्रा का समापन शासकीय विद्यालयों में हुआ।



अथाईखेड़ा के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तिरंगा यात्रा के समापन उपरांत प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इसमें कक्षा 10वीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रिंस लोधी, 9वीं में 84त्न अंक लाने वाली महक दांगी तथा 11वीं में 81त्न अंक हासिल करने वाली परी शर्मा को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वहीं कक्षों की कमी के कारण कंप्यूटर लैब में पढ़ाई कर रही छात्राओं को विधायक ने लगन से अध्ययन करने की सीख दी और जल्द ही नए अतिरिक्त कक्षों की स्वीकृति कराने का आश्वासन दिया। वहीं बहादुरपुर के शासकीय विद्यालय परिसर में विधायक ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके अलावा कार्यक्रम के पश्चात विधायक ने बहादुरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर डॉक्टरों की उपस्थिति, चिकित्सा उपकरणों और स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बनने वाले नवीन भवन हेतु प्रस्तावित भूमि का भी मौका मुआयना किया तथा अधिकारियों को क्षेत्रवासियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



**आयोजन** — रैली का जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

# विहिप-बजरंग दल ने निकाली ऐतिहासिक वाहन रैली

**नवभारत न्यूज़**

**अशोकनगर।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा गुरुवार को जिला मुख्यालय पर विशाल, भव्य एवं ऐतिहासिक वाहन रैली का आयोजन किया गया। भगवा ध्वजों से सुसज्जित सैकड़ों वाहनों के साथ निकली इस रैली ने पूरे नगर को धर्म और राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

रैली में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल बजरंग दल के प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज की जागरूकता, संगठनात्मक एकजुटता और राष्ट्र रक्षा के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन ही संगठन का मुख्य ध्येय है।



इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री योगी वीर सिंह, विभाग सह मंत्री रामवीर यादव, बजरंग दल विभाग संयोजक वेदराम लोधी, विहिप जिलाध्यक्ष अंकित जैन बड़कुल, जिला मंत्री कंछेदी दांगी सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं खंडों से आए पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वाहन रैली का नगर के प्रमुख मार्गों पर स्थानीय नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। शहर में जगह-जगह लोगों ने कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। विहिप एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि इस भव्य आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में सामाजिक समरसता, संगठनात्मक एकता और राष्ट्रभावना की अलख जगाना है। रैली में युवाओं व कार्यकर्ताओं की विशाल उपस्थिति ने संगठन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया।

# श्रद्धालुओं ने दिया पर्यावरण सरंक्षण का संदेश

**नवभारत न्यूज़**

**अशोकनगर।** शहर की यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान के तहत गुरुवार को दूसरे शुक्ल पक्ष का भक्तिभाव से शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व 30 जुलाई से हरियाली अमावस्या 12 अगस्त तक प्रथम पक्ष में भगवान भोलेनाथ का पूजन, अभिषेक एवं संगीतमय ऊ नमः शिवाय जाप नियमित रूप से संपन्न हुआ।



पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि शुक्ल पक्ष के प्रारंभ पर परिघ एवं व्यतीपात/वरीयान शुभ योगों की उपस्थिति में विशेष हवन का आयोजन किया गया। प्रात:कालीन अभिषेक के बाद श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां दीं। इसके उपरांत महिला श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन की तरह संगीतमय हरि संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो उठा। संध्याकालीन बेला में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान गौरी-शंकर का दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, गंगाजल एवं कच्चे दूध के पंचामृत से विशेष अभिषेक किया गया। इस अवसर पर पीपरोदा गांव से पधारे यजमानों ने भी आहुतियां दीं और धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। महाआरती के दौरान ऊ नमः शिवाय की गूंज से वातावरण आनंदित हो उठा। इस धार्मिक अनुष्ठान के साथ श्रद्धालुओं ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए केला एवं तुलसी माता का पूजन किया और मंदिर परिसर में पौधरोपण भी किया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुंगावली, जिला अशोकनगर (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक 150/अपील/2024-25/ 830

मुंगावली दिनांक :11/08/2026

01. यशवर्धन पुत्र विक्रमजीत सिंह राजपूत
02. शुभांशु पुत्र विक्रमजीत सिंह राजपूत
03. अनिकेत पुत्र दिनेश सिंह राजपूत
04. अभिषेक पुत्र दिनेश सिंह जाति राजपूत निवासीगण ग्राम निर्टर,परगना मुंगावली, जिला अशोकनगर, म.प्र... **अपीलार्थीगण**

**बनाम**

01. रानी पत्नी स्व. राकेश सिंह
02. शुभी पुत्री राकेश सिंह जाति राजपूत निवासी गण ग्राम निर्टर तहसील मुंगावली, जिला अशोक नगर, म.प्र................**प्रतिअपीलार्थीगण**

**//विज्ञप्ति//**

जरिये सूचना पत्र को सूचित किया जाता है कि अपीलॉन्ट यशवर्धन पुत्र विक्रमजीत राजपूत निवासी ग्राम निर्टर के द्वारा ग्राम निर्टर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 53,54 रकवा क्रमश :4.913, 0.219 हे. के संबंध में न्यायालय तहसीलदार मुंगावली के फोती नामांतरण प्रकरण क्रमांक 0727अ6/2023-24 पारित आदेश दिनांक 09-10-2024 व्यथित होकर अपील प्रस्तुत की गई है। जिसमें प्रतिअपीलार्थीगण को उक्त संबंध में सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त वर्णित अपील प्रकरण में अपनी प्रतिरक्षा करने के लिए इस न्यायालय में नियत दिनांक 15-09-26 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे नियत दिनांक को अनुपस्थिति की दशा में अपील में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 11-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**अभुभाग9 मुंगावली,**
**जिला अशोकनगर (म.प्र.)**